**सं-12016/32/2025-रा.भा.(क-2)-पार्ट**
**राजभाषा विभाग**
**गृह मंत्रालय**

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 01 सितंबर, 2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:** हिंदी दिवस, 2025 और पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर निमंत्रण पत्र का वितरण।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि हिंदी दिवस, 2025 और पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 14 एवं 15 सितंबर, 2025 को महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिहिशन सेंटर, गाँधीनगर, गुजरात में किया जा रहा है। इस अवसर पर निमंत्रण पत्रों का वितरण निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:

1. निमंत्रण पत्रों का वितरण दिनांक 12 एवं 13 सितंबर, 2025 तक **बड़ौदा एपेक्स अकादमी, बैंक ऑफ बड़ौदा, घ-4, उद्योग भवन के पास, सैक्टर-11, गाँधीनगर-382011, गुजरात** में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा-

| | |
|---|---|
| 12 सितंबर, 2025 | सायं 03 बजे से सायं 07 बजे तक |
| 13 सितंबर, 2025 | प्रात: 10.00 बजे से सायं 08.00 बजे तक |

2. निमंत्रण पत्र प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कृपया सुनिश्चित करें कि निमंत्रण पत्र हर हाल में 12 एवं 13 सितंबर, 2025 को प्राप्त कर लिए जाएं। **इसके लिए प्रतिभागी स्वयं उत्तरदायी होंगे। सुरक्षा एवं अन्य कारणों से 14 सितंबर, 2025 को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।**
3. जिन अधिकारियों/कर्मचारियों का 13 सितंबर को देर शाम या रात्रि तक अथवा 14 सितंबर, 2025 की सुबह गाँधीनगर, गुजरात पहुँचने का कार्यक्रम है, वे कृपया विशेष रूप से सुनिश्चित करें कि वे अपना निमंत्रण पत्र हर हाल में ऊपर उल्लिखित विवरण के अनुसार 13 सितंबर, 2025 तक अपने किसी साथी अधिकारी/कर्मचारी को **प्राधिकार पत्र** (authority letter) (**अनुलग्नक पर**) देकर प्राप्त करवा लें।
4. पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कराते समय आपको **विशिष्ट पहचान संख्या** प्रदान की गई है। निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए कृपया **विशिष्ट पहचान संख्या** और अपना सरकारी आईकार्ड अवश्य साथ लाएं।
5. यदि किसी कार्यालय से एक से अधिक अधिकारी/कर्मचारी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं तो भाग लेने वालों में से कोई एक अधिकारी अथवा कर्मचारी ये निमंत्रण पत्र हासिल कर

सकते हैं बशर्ते वे अन्य सभी अधिकारियों की विशिष्ट पहचान संख्या और उनके आईकार्ड की फोटोप्रति तथा **अलग-अलग प्राधिकार पत्र** साथ लेकर लाएं। (उदाहरण के लिए, यदि आप किन्हीं दस प्रतिभागियों के निमंत्रण पत्र प्राप्त कर रहे हैं तो आपको दस विशिष्ट पहचान संख्याएं और अलग-अलग प्राधिकार पत्र की प्रति लानी होगी ताकि प्रत्येक संबंधित काउंटर पर आप उन्हें अलग-अलग सौंप कर निमंत्रण पत्र ले सकें।)

6. कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंको/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए है। किसी भी गैर-सरकारी व्यक्ति अथवा संस्थान को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।

7. **कृपया ध्यान दें**: केवल राजभाषा कीर्ति, राजभाषा गौरव सम्मान प्राप्तकर्ता अपना निमंत्रण पत्र दिनांक 08 एवं 09 सितंबर, 2025 को कार्यालय समय में कमरा सं.18, चतुर्थ तल, एनडीसीसी-2 भवन, जयसिंह रोड से भी प्राप्त कर सकते हैं।

**(राजेश कुमार श्रीवास्तव)**
संयुक्त निदेशक (रा.भा./नीति)

**सेवा में,**

सभी मंत्रालयों/ विभागों/ सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/ बैंकों / उपक्रमों/ निगमों/ बोर्डों/ शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।

**अनुलग्नक**

**प्राधिकार पत्र**

(यदि आप अपना निमंत्रण पत्र स्वयं लेने नहीं आ रहे है तो कृपया इस प्राधिकार पत्र को भरें)

कृपया मेरा निमंत्रण पत्र एवं सम्मेलन किट मेरे स्थान पर –

श्री/सुश्री/श्रीमती ----------------------------------------------------

पदनाम ------------------------------------------------------------

मोबाइल नं.--------------------------------------------------------

कार्यालय का नाम -------------------------------------------------

को दे दें।

पंजीकृत प्रतिभागी का नाम-
पंजीकृत प्रतिभागी के हस्ताक्षर-
**पंजीकरण संख्या-**

संबंधित अधिकारी की मोहर(पदनाम सहित) :

यदि आपके पास कार्यालयी मोहर नहीं हैं तो अपने पंजीकरण/पहचान पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।